epaper
हिन्दुस्तान

गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में मिलेगा हजारों को रोजगार

03/05/2022

लखनऊ, विशेष संवाददाता। गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके निर्माण में हजारों कारीगर, श्रमिकों के अलावा बड़ी तादाद में अभियंताओं, अधिकारियों, लेखपाल के अलावा कम्प्यूटर ऑपरेटरों की जरूरत पड़ेगी। इस भारी भरकम परियोजना के निर्माण व तकनीकी सहयोग के लिए चार नियंत्रण केंद्र मेरठ, शाहजहांपुर, रायबरेली व प्रयागराज में बनाए जाएंगे।

यूपीडा इस परियोजना का निर्माण निजी विकासकर्ताओं के जरिए जून के आखिरी में शुरू कराने जा रहा है। इसके लिए 16 अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, 48 अवर अभियंता रखे जाएंगे। 21 एसडीएम, तहसीलदार व लेखपाल की तैनाती भी होगी। 16 लेखाकार व 46 कम्प्यूटर आपरेट व 12 डिप्टी वन रेंजर भी रखे जाएंगे। इन सबको चारों केंद्र व मुख्यालय लखनऊ में तैनात किया जाएगा।

2025 तक पूरा होगा एक्सप्रेस वे

- रखे जाएंगे हजारों श्रमिक कारीगर और अभियंता